प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

12 अक्तूबर 2023

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने द्वितीय ग्लोबल हैकथॉन – एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023 के परिणामों की घोषणा की**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने द्वितीय वैश्विक हैकथॉन - "**एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023** - परिवर्तन के लिए नवोन्मेष" की शुरुआत 'समावेशी डिजिटल सेवाएं' विषय के साथ की थी जिसे दिनांक 14 फरवरी 2023 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से सूचित किया गया था।

2. हैकाथॉन को भारत के भीतर और ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर, स्वीडन, यूके, यूएसए सहित 28 प्रतिभागी टीमों/ संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत 154 प्रस्तावों के साथ उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। हैकाथॉन, पहले चरण में प्रस्तावों की शॉर्टलिस्टिंग, दूसरे चरण में समाधान विकास और तीसरे चरण में अंतिम मूल्यांकन के साथ तीन चरणों में चला। प्रारंभिक जांच और आरंभिक मूल्यांकन के पहले चरण में, चार समस्या विवरणों में से बाह्य विशेषज्ञों वाले जजों के पैनल द्वारा 28 प्रस्तावों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। समाधान विकास के दूसरे चरण में, जो छह सप्ताह से अधिक समय तक चला, शॉर्टलिस्ट की गई टीमों ने बाह्य सलाहकारों के मार्गदर्शन में समाधान को विकसित करने पर काम किया।

3. अंतिम मूल्यांकन का तीसरा चरण 10-11 अक्तूबर 2023 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित किया गया था, जिसमें 28 फाइनल टीमों ने एक स्वतंत्र निर्णायक समिति के समक्ष समस्या विवरणों के लिए अपने समाधान प्रस्तुत किए, जिन्होंने नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी, प्रदर्शन, उपयोगकर्ता अनुभव, सुरक्षा, कार्यान्वयन में आसानी जैसे मापदंडों के आधार पर विजेताओं और उप-विजेताओं का मूल्यांकन और चयन किया।

**एचएआरबीआईएनजीईआर (HARBINGER) 2023** के परिणाम निम्नानुसार हैं:

| क्रम सं. | समस्या विवरण | परिणाम | | समाधान विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्यांगों के लिए नवोन्मेषी, उपयोग में आसान, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं | विजेता | ईज़ीटैप मोबाइल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (अब रेज़रपे द्वारा अधिग्रहित), भारत | यह समाधान, दृष्टिपे, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए सहज कार्ड/यूपीआई भुगतान की सुविधा प्रदान करता है। दृष्टिपे के साथ, कार्ड या एनएफसी-सक्षम फोन का एक टैप दृष्टिहीन उपयोगकर्ताओं को पिन दर्ज करने के लिए जद्दोजहद करने के बजाय लेनदेन के लिए सुरक्षित रूप से ओटीपी प्रदान करने की |

| क्रम सं. | समस्या विवरण | परिणाम | | समाधान विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुमति देता है। दृष्टिबाधित के लिए यूपीआई भुगतान की सुविधा के लिए यह समाधान यूपीआई ऐप्स के साथ एकीकृत होता है। |
| | | संयुक्त उप-विजेता | पीओएसमिरर, भारत | यह समाधान एआई की शक्ति का उपयोग करके दृष्टिबाधित व्यक्तियों को पीओएस उपकरणों के माध्यम से लेनदेन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाता है। ऐप पीओएस मशीनों पर यादृच्छिक कीपैड का विश्लेषण करने के लिए फोन के कैमरे का उपयोग करता है और उपयोगकर्ता को ब्रेल सक्षम ऐड-ऑन स्क्रीन पर अपना पिन दर्ज करने में मदद करता है। |
| | | | एसएल अवतार, भारत | एसएल अवतार का उद्देश्य बोली और पाठ को सांकेतिक भाषा में और इसके विपरीत निर्बाध रूप से अनुवाद करना है, जिससे (i) वीडियो केवाईसी, (ii) ग्राहक सहायता और चैटबॉट, (iii) संवादात्मक मोबाइल बैंकिंग, (iv) वीडियो बैंकिंग, (v) शैक्षिक संसाधनों का सृजन, आदि सहित विभिन्न डिजिटल बैंकिंग टचपॉइंट्स में समावेशिता और पहुंच को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। |
| 2 | विनियमित संस्थाओं (आरई) द्वारा अधिक कुशल अनुपालन की सुविधा के लिए रेगटेक समाधान | विजेता | वीवएयर, सिंगापुर | वीवएयर समाधान विनियमित संस्थाओं द्वारा अनुपालन की सुविधा के लिए कुशल डेटा संग्रह और विश्लेषण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे वित्तीय संस्थानों को अपनी विनियामक रिपोर्टिंग और जोखिम प्रबंधन में सुधार करने में सुविधा मिलती है। वीवएयर स्वामित्वपूर्ण उच्च-रिज़ॉल्यूशन उपग्रह इमेजिंग डेटा और एल्गोरिदम द्वारा सक्षम ईएसजी जोखिमों के विश्लेषण और अनुपालन के लिए मापनीय एआई-संचालित सॉफ्टवेयर प्रदान करता है, जो पृथ्वी पर किसी भी साइट की निगरानी करने की अनुमति देता है। |
| | | उप-विजेता | मुनाफ़ा, भारत | मुनाफ़ा (MUNAFA) (सभी के लिए कटे-फटे नोट्स का अधिनिर्णयन) एक एप्लिकेशन है जो एक फोटो क्लिक करने पर, कटे-फटे नोट के विभिन्न टुकड़ों को उनके संबंधित आकारों के साथ पहचानता है, और नोट वापसी नियमों के साथ इसकी तुलना करके उपयोगकर्ता को नोट की विनिमय योग्य मूल्य बताता है। |
| | ऑफलाइन मोड में लेनदेन सहित सीबीडीसी-आर | विजेता | डिग्रिफाई वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, भारत | यह इंटरनेट की आवश्यकता के बिना सीबीडीसी-रिटेल लेनदेन के लिए एन्क्रिप्टेड एसएमएस रेल पर आधारित एक मोबाइल |

| क्रम सं. | समस्या विवरण | परिणाम | | समाधान विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 3 | लेनदेन के लिए उपयोग के मामलों/समाधानों की खोज करना। | | | एप्लिकेशन है। यह एक समावेशी, किफायती समाधान है क्योंकि यह बैंक वाले और बिना बैंक वाले दोनों उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान करता है, स्मार्टफोन और फीचर फोन पर काम करता है, रिमोट और निकटता भुगतान और बड़े और साथ ही कम कीमती लेनदेन पर काम करता है। |
| | | उप-विजेता | क्रंचफिश डिजिटल कैश एबी (स्वीडन) + आईडीएफसी फर्स्ट बैंक (भारत) | आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ क्रंचफिश ने "डिजिटल कैश टेलीकॉम" को आसानी से मापनीय, आघात-सह और सुरक्षित ऑफ़लाइन भुगतान उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया। क्रंचफिश डिजिटल कैश एक विश्वसनीय एप्लिकेशन के साथ सीबीडीसी ऑनलाइन भुगतान रेल को बढ़ाता है जो टोकन-आधारित और खाता-आधारित भुगतान रेल दोनों के साथ कई ऑफ़लाइन भुगतान विकल्पों का समर्थन करता है। |
| 4 | लेनदेन प्रति सेकंड (टीपीएस) / थ्रूपुट और ब्लॉकचेन की मापनीयता बढ़ाना * | विजेता | फोर्टिस नेट लिमिटेड, यूके | यह समाधान एक टोकन-आधारित आर्किटेक्चर है जो दो-चरण प्रतिबद्ध प्रोटोकॉल पर आधारित है। यह रैखिक मापनीयता का समर्थन करने के लिए राफ्ट कंसेंसस एल्गोरिदम और कॉर्पोरेट डिजिटल पहचान का भी उपयोग करता है। यह बही खाता को बहु-विध अनुमति वाले खंडों में विभाजित करता है। |

* इस समस्या विवरण के अंतर्गत किसी उप-विजेता का चयन नहीं किया गया

4. इन नवोन्मेषी उत्पादों से वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को अतिरिक्त लाभ मिलने की उम्मीद है यथा, नवोन्मेषी, उपयोग में आसान, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से दिव्यांगों का समावेशन और विनियामक प्रौद्योगिकी को अपनाने, नए-सीबीडीसी खुदरा उपयोग के मामलों के कार्यान्वयन के साथ-साथ मापनीयता और ब्लॉकचेन के थ्रूपुट में सुधार के माध्यम से अधिक कुशल अनुपालन की सुविधा प्रदान करना। लागू विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के अधीन इन उत्पादों में मौजूदा वित्तीय प्रणाली में व्यापक रूप से अपनाए जाने की क्षमता है। वे दक्षता और समावेशन लाते हुए वित्तीय सेवाओं की आसानी और पहुंच में योगदान दे सकते हैं।

**(योगेश दयाल)**

मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1097**